पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के प्रति किया जागरूक

गोरखपुर, ४ नवम्बर। राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 5.0 के अंतर्गत आज लेखा विभाग के तत्त्वावधान में ई.डी.पी. केंद्र, गोरखपुर के बैठक कक्ष में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रधान वित्त सलाहकार बन्दना शर्मा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी मनोज कुमार, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, एफ. एंड जी. श्री विक्रम कुमार, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, डब्ल्यू.एस.टी. रोहित कुमार निरंजन, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, आई.आर. आशीष सचान, वरिष्ठ सहायक वित्त सलाहकार, पेंशन अंजू मिश्रा, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक एवं इंडियन बैंक के प्रबन्धकों तथा प्रतिनिधियों सहित लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवम्बर तक संचालित इस अभियान की मुख्य थीम 'प्रोमोशन ऑफ फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी' है। सेमिनार में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पेंशनरों को अवगत कराया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा के प्रति जागरूक करना तथा फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल, सहज एवं सुविधाजनक बनाना है। इस आधुनिक तकनीक के उपयोग से पेंशनभोगी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे उन्हें बैंकों अथवा कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की उपयोगिता, इसके निर्माण की प्रक्रिया तथा फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के लाभों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कई पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी मौके पर ही सफलतापूर्वक जमा किये गये। यह पहल विशेष रूप से वरिष्ठ एवं अस्वस्थ पेंशनभोगियों के लिये अत्यंत लाभकारी है तथा डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन उप वित्त सलाहकार,सामान्य रत्नेश कुमार सिंह ने किया।

सेवानिवृत्ति पर कार्यालय सहायक को दी गयी विदाई

गोरखपुर, ४ नवम्बर। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने जनसम्पर्क कार्यालय, गोरखपुर में आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त ग्लेजर (कार्यालय सहायक) रामशरन को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ निरीक्षकों एवं रेल कर्मियों ने सेवानिवृत्त रामशरन को भावभीनी विदाई दी तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने रामशरन के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि आप जनसम्पर्क विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिये सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा कि आपने सफलतापूर्वक इतनी लम्बी सेवा को दिया, इसके लिये आप बधाई के पात्र हैं। उन्होंने रामशरन के सुखमय भविष्य एवं लम्बे जीवन की कामना की।



राजकोट-बरौनी के बीच चलेगी त्यौहार विशेष ट्रेन

गोरखपुर, ४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 09569/09570 राजकोट-बरौनी-राजकोट त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन राजकोट से 5, 12, 19, एवं 26 नवम्बर दिन वृहस्पतिवार को तथा बरौनी से 7, 14, 21 एवं 28 नवम्बर दिन शनिवार को 4 फेरों के लिये किया जायेगा। 09569 राजकोट-बरौनी त्यौहार विशेष गाड़ी 5, 12, 19, एवं 26 नवम्बर दिन वृहस्पतिवार को राजकोट से 17 बजे प्रस्थान कर वांकानेर से 17.47 बजे, सुरेन्द्रनगर से 18.49 बजे, विरमगाम से 20.30 बजे, महेसाना से 22.10 बजे, पालनपुर से 23.10 बजे, आबू रोड से 23.55 बजे, दूसरे दिन फालना से 1.15 बजे, मारवाड़ से 2.25 बजे, ब्यावर से 3.32 बजे, अजमेर से 4.35 बजे, किशनगढ़ से 5.15 बजे, जयपुर से 7.20 बजे, गांधीनगर जयपुर से 7.35 बजे, बांदीकुई से 9.10 बजे, भरतपुर से 10.35 बजे, ईदगाह आगरा से 11.45 बजे, टूण्डला से 12.50 बजे, गोविन्दपुरी से 16.25 बजे, प्रयागराज जं. से 20 बजे, प्रयाग से 20.17 बजे, फूलपुर से 20.42 बजे, जंघई से 21.07 बजे, जौनपुर से 23.10 बजे, तीसरे दिन औंड़िहार से 12 बजे, गाजीपुर सिटी से 55 बजे, बलिया से 1.55 बजे, छपरा से 3.30 बजे, सोनपुर से 4.42 बजे, हाजीपुर से 4.57 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 5.57 बजे छूटकर बरौनी 9.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09570 बरौनी-राजकोट त्यौहार विशेष गाड़ी 7, 14, 21 एवं 28 नवम्बर दिन शनिवार को बरौनी से 22 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 23.50 बजे, दूसरे दिन सोनपुर से 7 बजे, छपरा से 1.40 बजे, बलिया से 2.45 बजे, गाजीपुर सिटी से 3.50 बजे, औंड़िहार से 4.37 बजे, जौनपुर से 5.45 बजे, जंघई से 6.57 बजे, फूलपुर से 7.42 बजे, प्रयाग से 08.40 बजे, प्रयागराज जं. से 9 बजे, गोविन्दपुरी से 13.05 बजे, टूण्डला से 16 बजे, ईदगाह आगरा से 16.55 बजे, भरतपुर से 18.10 बजे, बांदीकुई से 22.22 बजे, तीसरे दिन गांधीनगर जयपुर से 22 बजे, जयपुर से 55 बजे, किशनगढ़ से 2.27 बजे, अजमेर से 3.25 बजे, ब्यावर से 4.02 बजे, मारवाड़ से 5.15 बजे, फालना से 5.55 बजे, आबू रोड से 7.40 बजे, पालनपुर से 9.12 बजे, महेसाना से 10.07 बजे, विरमगाम से 11.17 बजे, सुरेन्द्रनगर से 12.32 बजे तथा वांकानेर से 13.32 बजे छूटकर राजकोट 14.30 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 12, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4 एवं एल.एस.एल. के 2, कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

सर्प दंश से बच्ची की मौत

गोरखपुर, ४ नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नं० दो निवासी संतोष चौहान की बेटी जान्वी ७ को मंगलवार देरशाम सर्प ने काट लिया। सर्प दंश की सूचना पर परिजन आनन फानन में बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी,इसी दौरान जहरीले सांप से उसे दंश मार दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई करके शव को परिजनों को सौंप दिया है।

सरहिंद–सहरसा वाया गोरखपुर चलेगी अनारक्षित ट्रेन

गोरखपुर, ४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04530/04529 सरहिंद-सहरसा-अम्बाला कैंट वाया गोरखपुर अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन सरहिंद से 6, 10 एवं 14 नवम्बर को तथा सहरसा से 7, 11 एवं 15 नवम्बर को 3 फेरों के लिये किया जायेगा। 04530 सरहिंद-सहरसा अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 6, 10 एवं 14 नवम्बर को सरहिंद से 11.25 बजे प्रस्थान कर राजपुरा से 11.46 बजे, अम्बाला कैंट से 12.20 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 13.07 बजे, सहारनपुर से 13.40 बजे, मुरादाबाद से 17.30 बजे, बरेली से 20.12 बजे, सीतापुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 1.27 बजे, गोंडा से 2.45 बजे, गोरखपुर से 5.25 बजे, देवरिया सदर से 6.35 बजे, सीवान से 7.27 बजे, छपरा से 8.20 बजे, हाजीपुर से 9.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.40 बजे, समस्तीपुर से 11.45 बजे, बरौनी से 12.55 बजे, बेगूसराय से 13.17 बजे, खगड़िया से 14.02 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 15.30 बजे छूटकर सहरसा 17 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04529 सहरसा-अम्बाला कैंट अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 7, 11 एवं 15 नवम्बर को सहरसा से 19.15 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 19.35 बजे, खगड़िया से 20.57 बजे, बेगूसराय से 21.27 बजे, बरौनी से 22 बजे, समस्तीपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन मुजफ्फरपुर से 25 बजे, हाजीपुर से 1.25 बजे, छपरा से 3.20 बजे, सीवान से 4.17 बजे, देवरिया सदर से 5.15 बजे, गोरखपुर से 6.30 बजे, गोंडा से 8.40 बजे, बुढ़वल से 9.45 बजे, सीतापुर से 11.10 बजे, बरेली से 15.22 बजे, मुरादाबाद से 17.20 बजे, सहारनपुर से 20.40 बजे तथा यमुनानगर जगाधरी से 21.22 बजे छूटकर अम्बाला कैंट से 22.20 बजे पहुँचेगी। 04528/04527 सरहिंद-सहरसा-अम्बाला कैंट वाया गोरखपुर अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन सरहिंद से 5, 9 एवं 12 नवम्बर को तथा सहरसा से 6, 10 एवं 13 नवम्बर को 3 फेरों के लिये किया जायेगा। 04528 सरहिंद-सहरसा अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 5, 9 एवं 12 नवम्बर को सरहिंद से 11.25 बजे प्रस्थान कर राजपुरा से 11.46 बजे, अम्बाला कैंट से 12.20 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 13.07 बजे, सहारनपुर से 13.40 बजे, मुरादाबाद से 17.30 बजे, बरेली से 20.12 बजे, सीतापुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 1.27 बजे, गोंडा से 2.45 बजे, गोरखपुर से 5.25 बजे, देवरिया सदर से 6.35 बजे, सीवान से 7.27 बजे, छपरा से 8.20 बजे, हाजीपुर से 9.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.40 बजे, समस्तीपुर से 11.45 बजे, बरौनी से 12.55 बजे, बेगूसराय से 13.17 बजे, खगड़िया से 14.02 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 15.30 बजे छूटकर सहरसा 17 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04527 सहरसा-अम्बाला कैंट अनारक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 6, 10 एवं 13 नवम्बर को सहरसा से 19.15 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर से 19.35 बजे, खगड़िया से 20.57 बजे, बेगूसराय से 21.27 बजे, बरौनी से 22 बजे, समस्तीपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन मुजफ्फरपुर से 25 बजे, हाजीपुर से 1.25 बजे, छपरा से 3.20 बजे, सीवान से 4.17 बजे, देवरिया सदर से 5.15 बजे, गोरखपुर से 6.30 बजे, गोंडा से 8.40 बजे, बुढ़वल से 9.45 बजे, सीतापुर से 11.10 बजे, बरेली से 15.22 बजे, मुरादाबाद से 17.20 बजे, सहारनपुर से 20.40 बजे तथा यमुनानगर जगाधरी से 21.22 बजे छूटकर अम्बाला कैंट से 22.20 बजे पहुँचेगी। 08021/08022 शालिमार-थावे-शालिमार साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन सीतामढ़ी से 6 से 20 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा थावे से 7 से 21 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को 3 फेरों के लिये किया जायेगा। 08021 शालिमार-थावे साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 6 से 20 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को सीतामढ़ी से 10.15 बजे प्रस्थान कर सांतरागाछी से 10.35 बजे, डानकुनी से 11.40 बजे, बर्द्धमान से 12.33 बजे, दुर्गापुर से 13.33 बजे, आसनसोल से 14.10 बजे, चित्तरंजन से 14.36 बजे, मधुपुर से 15.16 बजे, जसीडीह से 15.42 बजे, झाझा से 16.50 बजे, किऊल से 17.37 बजे, बरौनी से 19.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 20.27 बजे, हाजीपुर से 21.15 बजे, सोनपुर से 21.27 बजे, दूसरे दिन खैरा से 1.32 बजे, मढ़ौरा से 1.47 बजे, मसरख से 2.02 बजे, दिघवा दुबौली से 2.25 बजे तथा गोपालगंज से 3.02 बजे छूटकर थावे 4 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 08022 थावे-शालिमार साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 7 से 21 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को थावे से 9 बजे प्रस्थान कर गोपालगंज से 9.14 बजे, दिघवा दुबौली से 9.50 बजे, मसरख से 10.14 बजे, मढ़ौरा से 10.30 बजे, खैरा से 10.45 बजे, सोनपुर से 12.17 बजे, हाजीपुर से 12.40 बजे, शाहपुर पटोरी से 13.27 बजे, बरौनी से 15.30 बजे, किऊल से 17.12 बजे, झाझा से 19.10 बजे, जसीडीह से 19.50 बजे, मधुपुर से 20.22 बजे, चित्तरंजन से 21.17 बजे, आसनसोल से 21.47 बजे, दुर्गापुर से 22.18 बजे, बर्द्धमान से 23.44 बजे, दूसरे दिन डानकुनी से 50 बजे तथा सांतरागाछी से 2.47 बजे छूटकर शालिमार 3.30 बजे पहुँचेगी।

उत्तर रेलवे ने व्यापक स्तर पर रेलवे सुरक्षा बल जवानों की तैनाती की

नई दिल्ली। हारी मौसम के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यात्रियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए उत्तर रेलवे ने व्यापक स्तर पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जवानों की तैनाती की है।व्यापक सुरक्षा बल की तैनाती- इस त्योहारी सीजन में उत्तर रेलवे ने कुल 2040 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया है, जिसमें 1300 जवानों की अतिरिक्त तैनाती शामिल है।

प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी- यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन और पुरानी दिल्ली स्टेशनों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।24 घंटे निरंतर सेवा-सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए आरपीएफ के ये जवान 24 घंटे ड्यूटी पर उपलब्ध रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सके।उत्तर रेलवे अपने सभी यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत ड्यूटी पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को दें।



ओलम्पियन प्रियंका गोस्वामी की उपस्थिति में सजेगा 'स्पोर्ट्स फीस्टा 2026' का मंच

गोरखपुर, 4 नवम्बर। द पिलर्स पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन्स एवं द पिलर्स सिक्टौर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 नवम्बर को गोरखपुर के सय्यद मोदी रेलवे स्टेडियम में 'स्पोर्ट्स फीस्टा इंट्रामुराल एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2026'का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य क्रीड़ा समारोह के आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानाचार्य रविकान्त शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी उन्मेष शुक्ल तथा खेल प्रभारी पवन कुमार ने आयोजन के उद्देश्यों, प्रतिस्पर्धाओं एवं प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की। इस वर्ष के समारोह का विशेष आकर्षण पूर्व ओलम्पियन अर्जुन अवार्ड धारक मुख्य अतिथि प्रियंका गोस्वामी आयोजन को विशिष्ट गरिमा प्रदान करेंगी। उन्होंने आगे कहा 'गेट रेडी टू स्वीट !!! रन , जम्प , कांक्वेर !!!' की ऊर्जस्वी थीम पर आधारित इस आयोजन में संस्थान की दोनों शाखाओं के विद्यार्थी विभिन्न क्रीड़ा प्रतिस्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। अन्त:सदनीय स्पर्धाओं में100, 400 एवं 800 मीटर दौड़, 4म100 मीटर रिले दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक शामिल हैं। वहीं, अन्त:शाखीय प्रतिस्पर्धाओं में बालक एवं बालिकाओं की 100 मीटर दौड़, दोनों वर्गों की 4म100 मीटर रिले दौड़, बालकों की कबड्डी तथा बालिकाओं की रस्साकशी आयोजित की जाएगी। समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य वाणिज्य एवं मुख्य मालभाड़ा प्रबंधक जे.पी. सिंह, चन्द्र विजय सिंह, विजय चहल, राजवीर सिंह एवं राजेश कुमार सोनकर की सहभागिता प्रस्तावित है। इनके अतिरिक्त डॉ. गीता दत्ता, धर्मेन्द्र चन्द्र, अनन्य प्रताप सिंह, कर्नल बी. पी. शाही एवं सूर्य प्रताप शाही सहित चिकित्सा एवं अनेक विशिष्ट विभूतियों की उपस्थित रहेंगे।



नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

गोरखपुर, ४ नवम्बर। मानवाधिकार संगठन सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श और मुफ्त इलाज के लिए ५ नवंबर को दरगाह हजरत मुबारक खां शहीद आस्ताने पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में अलग-अलग चिकित्सा विधाओं के १४ विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। खास बात यह है कि मरीजों को स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और दवाओं की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी शिविर का आयोजन दरगाह हजरत मुबारक खां शहीद आस्ताने, निकट नॉर्मल टैक्सी स्टैंड पर दोपहर १२ बजे से शाम ४ बजे तक होगा। उक्त जानकारी मानवाधिकार संगठन सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद रज़ी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

बरेका के पांच स्केटरों का राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

वाराणसी,४ नवंबर। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) की रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं वाराणसी का गौरव बढ़ाया है। ग्रेटर नोएडा में 22 से 26 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 12वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में वाराणसी जनपद की ओर से बरेका अकादमी के नौ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 10 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य सहित 18 पदक अपने नाम किए।प्रतियोगिता में बरेका के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

पदक विजेता खिलाड़ियों का विवरण इस प्रकार है: 1. आकर्ष श्रेष्ठ - 1 कांस्य पदक। 2. रुद्रांश विश्वकर्मा -2 स्वर्ण पदक। 3. निहिरा त्रिपाठी - 2 स्वर्ण पदक। 4. इशिका उपाध्याय - 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक। 5. अक्षय दीप उपाध्याय - 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक। 6. फर्जाम हुसैन - 3 स्वर्ण पदक। 7. अर्चना उपाध्याय - 1 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बरेका के पांच खिलाड़ियों का चयन



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बरेका के पांच स्केटरों का चयन आगामी राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 5 से 15 दिसंबर, 2026 तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित होगी। **चयनित खिलाड़ियों में**-निहिरा त्रिपाठी, अक्षय दीप उपाध्याय, इशिका उपाध्याय, फर्जाम हुसैन, अर्चना उपाध्याय ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में बरेका टीम के कोच फर्जाम हुसैन रहे, जबकि टीम मैनेजर के रूप में श्रीमती सीमा एवं अभिषेक उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बरेका संस्थान के अंतर्गत संचालित रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्थान सचिव श्री आलोक सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर बरेका के जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

डीवीएन पीजी में चल रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

गोरखपुर,४ नवम्बर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग एवं भारतीय वैश्विक परिषद (आई.सी.डब्ल्यू.ए.), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोबल सप्लाई चेन्स एंड इंडियन फॉरेन पॉलिसी विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुआ।

इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि प्रो. रिपुसूदन सिंह, आचार्य, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने अपने वक्तव्य में ग्लोबल सप्लाई चेन की सैद्धांतिक व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग वैश्वीकरण का युग है और ग्लोबल सप्लाई चेन का अर्थ है कि कोई भी उत्पाद किसी एक देश में पूर्ण रूप से निर्मित नहीं होता। उदाहरण स्वरूप उन्होंने ।किसी डिवाइस का उल्लेख किया, जिसका डिजाइन अमेरिका में होता है, चिप ताइवान में बनती है, असेंबली चीन और भारत में होती है तथा बिक्री संपूर्ण विश्व में होती है। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग इकाई वहीं स्थापित होनी चाहिए जहाँ दो शर्तें पूरी होती हों - पहली, उत्पादन की लागत कम हो और दूसरी, उत्पाद की गुणवत्ता उत्कृष्ट हो। यही का सिद्धांत है। इसी सिद्धांत पर वैश्वीकरण आगे बढ़ा। भारत सर्विस सेक्टर में श्रेष्ठ है-आईटी, बैंकिंग और ग्लोबल ऑफिस के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी है, जबकि चीन मैन्युफैक्चरिंग में श्रेष्ठ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह कहा कि कि ग्लोबल सप्लाई चेन अब केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि शक्ति और विदेश नीति का केंद्रीय विषय बन गया है। भारत के लिए यह एक ओर चुनौती है और दूसरी ओर अवसर भी है। डायवर्सिफिकेशन, कैपेसिटी बिल्डिंग, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र विदेश नीति के माध्यम से भारत इस परिवर्तन को अपने पक्ष में कर सकता है। युवा पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि वे सप्लाई चेन, टेक्नोलॉजी और विदेश नीति को एक साथ समझें, क्योंकि यही 21वीं सदी में भारत के नेतृत्व का आधार है। इस संगोष्ठी में श्रीलंका, चीन, तजाकिस्तान, नेपाल, घाना एवं भारत के विभिन्न राज्य उ.प्र., असम, बिहार, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्रऊ आदि से लगभग 210 प्रतिभागियों ऑनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. त्रिभुवन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संगोष्ठी के संयोजक, डॉ. इन्द्रेश कुमार पाण्डेय, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अखिल श्रीवास्तव, डॉ. पवन पाण्डेय, प्रो. अरूण तिवारी, प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. निधि राय सहित महाविद्यालय के शिक्षक, प्रतिभागी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



वक्तव्य में ऊर्जा संकट को सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व ऊर्जा को लेकर बुरी स्थिति से गुजर रहा है। भारत अपनी आवश्यकताओं के लिए सोना और पेट्रोलियम उत्पादों का भारी आयात करता है। पेट्रोलियम के बिना न तो अर्थव्यवस्था चल सकती है और न ही दैनिक जीवन संभव है। इसलिए ऊर्जा सुरक्षा और सप्लाई चेन अब भारतीय विदेश नीति का अभिन्न अंग बन चुकी है। मुख्य अतिथि, प्रो. तेज प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने

विशेष ट्रेनों में सीट उपलब्धता जारी

गोरखपुर, ४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 26 नवम्बर तक के लिये 4 नवम्बर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। छपरा से चलने वाली 05085 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 10 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 107 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 8 बर्थ तथा 24 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 1 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट त्यौहार विशेष गाड़ी में 9 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 46, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 256 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 85 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05096 मऊ-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 11 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 7 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05167 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी में 7 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 74, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 221, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 119 एवं शयनयान श्रेणी में 312 बर्थ उपलब्ध है।

गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 8 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 542 एवं शयनयान श्रेणी में 173 बर्थ; 15 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 286 बर्थ तथा 22 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 138 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 6 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 61 एवं शयनयान श्रेणी में 57 बर्थ तथा 13 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 9, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 51 एवं शयनयान श्रेणी में 108 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 6 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 99 एवं शयनयान श्रेणी में 295 बर्थ; 11 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 94 एवं शयनयान श्रेणी में 214 बर्थ; 13 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में

❖ सीट आरक्षित करायें यात्री

128 एवं शयनयान श्रेणी में 364 बर्थ तथा 25 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रुगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 207 एवं शयनयान श्रेणी में 211 बर्थ; 12 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 191 एवं शयनयान श्रेणी में 445 बर्थ; 19 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 43 बर्थ तथा 26 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 63 एवं शयनयान श्रेणी में 255 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05048 बनारस-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 10 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 906 बर्थ तथा 24 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 994 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 7 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 341 एवं शयनयान श्रेणी में 386 बर्थ; 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 399 बर्थ तथा 21 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 226 एवं शयनयान श्रेणी में 240 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 04824 मऊ-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 28 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी में 8 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 177 एवं शयनयान श्रेणी में 385 बर्थ उपलब्ध है। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) त्यौहार विशेष गाड़ी में 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 143 एवं शयनयान श्रेणी में 110 बर्थ तथा 8 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 172 एवं शयनयान श्रेणी में 215 बर्थ उपलब्ध है।

बनारस से चलने वाली 01052 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी में 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 165 एवं शयनयान श्रेणी में 450 बर्थ तथा 6 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 187 एवं शयनयान श्रेणी में 526 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी (गुवाहाटी) त्यौहार विशेष गाड़ी में 8 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 316 बर्थ; 15 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 306 बर्थ तथा 22 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 139 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी में 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 83 बर्थ; 6 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 57 एवं शयनयान श्रेणी में 278 बर्थ तथा 7 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 126 एवं शयनयान श्रेणी में 296 बर्थ उपलब्ध है।